शुक्रवार

11 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




रंजन ने खोले राज... 2



## छोटी खबरें

### लगातार हो रही डकैती की घटना से दहशत में व्यापारी

पटना। पटना के आसपास के इलाकों में पिछले 5 दिनों के अंदर डकैतों के एक गिरोह ने चार बड़ी डकैती की घटना को अंजाम दिया है। लगातार हो रही डकैती की इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। ऐसे में दानापुर एएसपीअभिनव धीमन ने व्यापारियों को सतर्क कर यह मैसेज दिया है कि अपराधी गिरोह के चार सदस्य मेडिकल दुकान को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। इनका लूटपाट का समय रात्रि 8:30 से 10:00 के बीच है, इसलिए सभी मेडिकल दुकानदार व्यापारी इससे सतर्क रहें और घटना की सूचना मिलते ही अभिलंब पुलिस को इसकी जानकारी दें। बताते चलें कि पिछले 5 दिनों से डकैत के चार सदस्यों ने फुलवारी शरीफ के राष्ट्रीय गंज स्थित शिवाय मेडिकल हॉल में रात्रि 9:00 बजे हथियार के बल पर 34000 लूट कर फरार हो गए। इसके ठीक बाद इसी गिरोह ने गर्दनीबाग थाना के बाइपास में 9:21 पर एक मेडिकल दुकान से 20000 लूट लिया। मंगलवार की रात इसी अंदाज में चार अपराधियों ने बालमी के नजदीक एक मेडिकल दुकान को अपना निशाना बनाया ।

### पड़ोसी के झगड़े में छेड़छाड़ का केस दर्ज कराने पर लगे रोक : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। पड़ोसियों के आपसी विवाद में महिलाओं से छेड़छाड़ और मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने के आरोपों में मुकदमा दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर दिल्ली हाईकोर्ट ने चिंता व्यक्त की है। हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा है कि इस प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच में हुए समझौते के आधार पर दर्ज मुकदमे को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है। दोनों पक्षों ने हाईकोर्ट को बताया था कि गलतफहमी के चलते विवाद हो गया था और अब समझौता हो गया है, ऐसे में दर्ज मुकदमे को खारिज कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा है कि पड़ोसियों के बीच विवादों को निपटाने के लिए महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध यानी आईपीसी की धारा 354 और 509 के तहत मामले दर्ज करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कोर्ट ने कहा है कि यह चिंता की बात है और इस पर तत्काल लगाम लगाने की जरूरत है।

### ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के लिए आज पीठ का होगा गठन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मामले की सुनवाई के लिए शुक्रवार को पीठ का गठन करेगा। कथित शिवलिंग के क्षेत्र को संरक्षित रखने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश 12 नवंबर को खत्म हो रहा है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिले 'शिवलिंग' की सुरक्षा से जुड़ी याचिका पर कल दोपहर 3 बजे सुनवाई के लिए राजी हो गया है।

### इस दर्द की इंतेहा नहीं... कारोबार बढ़ाने के लिए लिया गया कर्ज बना मौत का कारण

# कर्ज ने छीन ली एक ही परिवार की छह जिंदगियां

- नवादा के न्यू एरिया मोहल्ले की घटना, घटना से हर कोई अवाक
- केदारलाल गुप्ता ने पहले खुद खाया जहर, फिर पत्नी और बच्चों को दे दिया
- मौत को गले लगाने से पहले केदारलाल ने लिखा दो पन्ने का सुसाइडल नोट
- महाजनों को बताया देश-समाज का दीमक, तकादा और गाली-गलौज से थे परेशान

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नवादा में बुधवार को एक दिल दहला देनेवाली घटना सामने आई। यहां कर्ज के बोझ तले दबे एक ही परिवार के छह लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इनमें से पांच की मौत बुधवार को ही हो गई थी, वहीं परिवार की एकमात्र बची आस भी गुरुवार को खत्म हो गई। इलाज के दौरान इस छठे सख्स ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार न्यू एरिया मोहल्ले के केदारलाल गुप्ता ने बुधवार की देर रात अपनी पत्नी और 4 बच्चों के साथ जहर खा लिया। एक-एक कर सभी ने दम तोड़ दिया। मृतकों में घर के मुखिया 50 वर्षीय केदार लाल गुप्ता, 47 वर्षीय पत्नी अनिता कुमारी बेटा 16 वर्षीय प्रिंस बेटी 20 वर्षीय शबनम कुमारी, बेटी 17 वर्षीय गुड़िया कुमारी व साक्षी कुमारी शामिल है।

मौत की जानकारी मिलते ही पूरे नवादा में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं सुसाइड से पहले केदारलाल गुप्ता ने एक नोट लिखा है जिसमें उन्होंने कर्ज देने वालों को समाज का कीड़ा बताया है। वह मूलरूप से रजौली के रहने वाले थे। और अपने परिवार के साथ नवादा शहर के न्यू एरिया में किराये के मकान में रहते थे। केदारलाल गुप्ता नवादा के विजय बाजार में फ्रूट शॉप चलाते थे। दुकान पर कारोबार बढ़ाने के लिए उन्होंने कर्ज लिया था। मौत को गले लगाने से पहले केदारलाल ने दो पन्ने का सुसाइड नोट लिखा था। इसमें उन्होंने जिक्र किया था कि कैसे कर्ज के कारण उनकी जिंदगी जहन्नूम हो गई थी। सुसाइड नोट में उन्होंने महाजनों की प्रताड़ना की चर्चा की है। दो पन्नों के नोट में कर्ज देने वाले छह लोगों के नाम का जिक्र करते हुए उन्हें देश-समाज का दीमक बताया है। कहा है कि ऐसे लोग पूरे देश को दीमक की तरह चांट कर बर्बाद कर रहे हैं। सुसाइड नोट पर भी पुलिस जांच कर रही है। अब तक पुलिस के द्वारा दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही। मृतक केदार के बड़े भाई शम्भूनाथ ने बताया कि भतीजा अमित से घटना की जानकारी मिली। दुखों को बयान नहीं किया जा सकता है। कर्ज तो जिंदगी का हिस्सा बन गया है। कर्ज लेकर ही जिंदगी जीने की विवशता है। छोटा भाई केदार काफी संघर्ष कर अपने परिवार की परवरिश कर रहा था।

#### ...और खत्म हो गया हंसता-खेलता परिवार



इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। हंसता-खेलता पूरा परिवार बिखर गया। दो साल पहले केदार चाट का स्टाल लगाते थे। ठेला पर बेटा अमित और प्रिंस सहयोग करते थे। वहीं पत्नी अनिता देवी, बेटी शबनम कुमारी, गुड़िया कुमारी और साक्षी घर में कच्चा मटेरियल तैयार करने में मदद करती थी। फिर केदार फल का दुकान चलाने लगे। जिसमें पूरा परिवार मदद करता था। अब यह परिवार पूरी तरह खत्म हो गया। दिल्ली में रहने के चलते बड़ा बेटा अमित जीवित है। दो अन्य शादीशुदा बेटियां ससुराल में रहती हैं।

#### पांच-छह साल से कर्ज के लिए परेशान कर रहे थे महाजन

केदार ने सुसाइड नोट में लिखा है उन्होंने शहर के न्यू एरिया मोहल्ले के मनीष सिंह, विकास सिंह, विजय सिंह, टुनटुन सिंह खटाल, डॉ. पंकज सिन्हा और गढ़ पर मोहल्ला के रणजीत सिंह से कर्ज लिया था। पांच-छह साल से महाजन कर्ज के लिए परेशान कर रहे थे। कर्ज का दुगना-तिगुना ब्याज जमा कर चुके थे। फिर भी कर्ज खत्म नहीं हुआ। सुसाइड नोट में जिक्र है कि कर्ज चुकता करने को महाजनों से मोहलत मांग रहे थे। साल-छह महीने का वक्त मांग रहे थे, लेकिन कर्ज देने वाले कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। पिछले पांच-छह सालों से लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। ब्याज नहीं देने की स्थिति में गाली गलौज करते थे। जिससे विवश होकर यह गलत कदम उठाना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी लिखा कि कर्ज देने वाले समाज का कीड़ा है, जो समाज को बर्बाद कर रहे हैं। कर्ज देने वाले छहों लोगों ने कई लोगों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। ऐसे दीमकों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

## बक्सर में अनुराधा पौडवाल ने बिखेरा सुरों का जादू



माता अहिल्याधाम अहिरौली बक्सर में चल रहे सनातन संस्कृति समागम के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार की रात प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल ने शिरकत की। अपनी दिलकश आवाज से लाखों लोगों के दिलों में बसनेवाली अनुराधा पौडवाल ने मंच पर आते ही अपने सुरों का जादू बिखेर लोगों को खूब झुमाया। इस दौरान उन्होंने अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम, राम नारायणम जानकी वल्लभम... बोलो राम, जय जय राम, बोलो राम, जय-जय राम, एक प्यार का नगमा है, मौजों की रवानी है... समेत एक-से बढ़कर गीतों की प्रस्तुति देकर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

## नीतीश कुमार बोले... मिथलांचल को हर स्तर पर विकसित करने में जुटी है सरकार

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरूवार को मधुबनी जिले के लदनियां में पूर्व मंत्री स्व. कपिलदेव कामत की प्रतिमा का अनावरण किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मधुबनी जिला का विशेष महत्व है। यह नेपाल देश से सटा हुआ है। यहां विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है। हमसे जो भी संभव होगा इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करते रहेंगे। हमलोग पूरे बिहार में विकास के काम में लगे हुए हैं। सरकार लगातार इस क्षेत्र को हर स्तर पर विकसित करने की पहल में जुटी है। हमेशा ही विकास के कार्य में हमारी सरकार जुटी रहेगी। कहा कि इसी क्षेत्र के रहनेवाले संजय कुमार झा जी को जल संसाधन विभाग का जिम्मा दिया है। इस क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति से बचाव को लेकर सारा काम किया जा रहा है और जो कुछ भी बचा हुआ काम है उसे भी पूरा किया जा रहा है।



#### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. कपिलदेव कामत की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री ने पूर्व पंचायती राज मंत्री स्व. कपिलदेव कामत की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मौके पर विधायक मीना कामत ने मुख्यमंत्री को मखाने की माला, मिथिला पेंटिंग, पाग और अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम को वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री संजय कुमार झा, जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री सह मधुबनी जिला की प्रभारी मंत्री लेशी सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, पूर्व मंत्री सह विधायक रामप्रीत पासवान ने भी संबोधित किया।

### बेटी रोहिणी आचार्या लालू प्रसाद को देंगी किडनी

पटना। लालू प्रसाद को उनकी बेटी रोहिणी आचार्या किडनी देंगी। सिंगापुर के डॉक्टरों ने जांच के बाद लालू को किडनी ट्रांसप्लांट की अनुमति दे दी है। रोहिणी आचार्या सिंगापुर में ही रहती हैं। जानकारी है कि इस महीने लालू फिर से सिंगापुर जाएंगे और किडनी ट्रांसप्लांट करवाएंगे। लालू प्रसाद किडनी, शुगर, हार्ट के साथ ही कई बीमारियां हैं। इसलिए किडनी ट्रांसप्लांट के लिए उन्हें ज्यादा एहतियात की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में लालू प्रसाद का इलाज चल रहा है। एम्स के डॉक्टरों से सलाह लेने के बाद ही लालू प्रसाद को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। अक्टूबर माह में लालू प्रसाद ने सिंगापुर जाकर इलाज करवाया। वहां उन्हें कई जांच से गुजरना पड़ा। अभी वे दिल्ली में अपनी बड़े बेटी मीसा भारती के आवास पर रह रहे हैं। लालू प्रसाद के साथ मीसा भारती भी सिंगापुर गई थीं। फिर से सिंगापुर जाने के लिए उन्हें कोर्ट से अनुमति लेनी होगी। जानकारी है कि 24-25 नवंबर से पहले लालू प्रसाद फिर से सिंगापुर जा सकते हैं। रोहिणी आचार्या सिंगापुर में ही अपने पति के साथ रहती हैं।

## घूसखोर रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के एआईजी के तीन ठिकानों पर विजिलेंस ने मारा छापा

### भ्रष्टाचार पर वार : आय से 2 करोड़ रुपए अधिक संपत्ति का केस दर्ज

**केटी न्यूज पटना**

भ्रष्टाचार के मामले में गुरुवार को स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में तैनात तिरहुत प्रमंडल के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल प्रशांत कुमार पर शिकंजा कसा है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट की तीन टीमों ने पटना, मुजफ्फरपुर और सीवान के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है। दिनभर चली छापेमारी के बाद स्पेशल विजिलेंस की तरफ से स्पष्ट किया गया है इनके पास 100 प्रतिशत से भी अधिक की काली कमाई है। पटना, सीवान और उत्तराखंड में कुल 6 जगहों पर 1 करोड़ 86 लाख 5 हजार रुपए खर्च कर इन्होंने प्रॉपर्टी खरीद रखी है। इन्हें असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ने अपने, पत्नी और बेटे के नाम पर खरीद रखा है।

इसके अलावा छापेमारी के क्रम में 2.40 लाख कैश के साथ ही कुल 66 लाख का गहना मिला है। इसमें 36 लाख की ज्वेलरी एक लॉकर से मिली है। जबकि, 30 लाख की ज्वेलरी पटना स्थित फ्लैट से मिली है। इन्होंने बड़े स्तर पर रुपयों का इन्वेस्टमेंट रियल स्टेट व प्राइवेट कंपनी में कर रखा है। जिसकी जांच अभी टेक्निकल तौर पर चल रही है।



#### सिवान जिले के रहने वाले हैं प्रशांत कुमार

प्रशांत कुमार के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने जांच शुरू की। उस दरम्यान भ्रष्टाचार के सबूत भी मिले। जिसके बाद उनके खिलाफ 2 करोड़ 6 लाख 80 हजार 785 रुपए के आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया। फिर स्पेशल विजिलेंस कोर्ट से इनके ठिकानों को सर्च करने का वारंट हासिल किया। इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई। प्रशांत कुमार मूल रूप से सिवान जिले में न्यू बस्ती महादेव इलाके के रहने वाले हैं। इनकी पोस्टिंग मुजफ्फरपुर में है। वहीं पटना में बोरिंग रोड के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थित अलखराज अपार्टमेंट में फ्लैट है।

### समाजवादी पार्टी की ओर से डिंपल यादव मैदान में, वहीं बीजेपी अपर्णा यादव पर दांव लगाने की तैयारी में

# मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में आमने-सामने हो सकती हैं नेताजी की दो बहुएं

- मैनपुरी जिले में कुल 17.4 लाख मतदाता, जिनमें 7 लाख यादव वोटर

**एजेंसी/लखनऊ**

मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट दिसंबर में होनेवाले उपचुनाव से भरी जाएगी। इस सीट को अपने खाते में लाने के लिए समाजवादी पार्टी ने जहां अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैदान में उतारने का फैसला किया है। वहीं बीजेपी की ओर से मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है। अगर ऐसा हुआ तो समाजवादी पार्टी की इस परंपरागत सीट पर नेताजी की दो बहुएं आमने-सामने होंगी। समाजवादी पार्टी की ओर से इस सीट पर यादव परिवार से ही धर्मेंद्र यादव और तेज प्रताप यादव जैसे नेताओं के नाम चर्चा में थे, लेकिन अखिलेश ने पत्नी डिंपल पर भरोसा जताया है। इस तरह नेताजी की खास विरासत को अखिलेश यादव अपने परिवार में ही बनाए रखना चाहते हैं। गुरुवार को डिंपल के टिकट का ऐलान हुआ और उससे पहले बुधवार को पूर्व मंत्री आलोक शाक्य को मैनपुरी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

मैनपुरी जिले में कुल 17.4 लाख मतदाता हैं और इनमें से 7 लाख की संख्या यादव वोटरों की है। दूसरे नंबर पर शाक्य मतदाता हैं, जिनके करीब 3 लाख वोटर हैं। इस तरह अखिलेश यादव ने यादव बिरादरी के अलावा शाक्यों को भी साधने की कोशिश की है ताकि चुनावी जीत में सेंध की कोई आशंका न रहे। इससे पहले भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में मुलायम सिंह यादव के मुकाबले प्रेम सिंह शाक्य को उतारा था, जिन्हें 4 लाख से ज्यादा वोट मिले थे। वहीं मुलायम सिंह को 5 लाख ज्यादा मत मिले थे और जीत का अंतर 1 लाख से भी कम था। माना जाता है कि भाजपा कैंडिडेट को शाक्य वोटरों के अच्छे खासे वोट मिले थे।





#### मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना के बेटे प्रतीक की पत्नी हैं अपर्णा

5 दिसंबर को होने वाले मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी अपर्णा यादव पर दांव लगाने की तैयारी में है। अपर्णा यादव मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे प्रतीक यादव की पत्नी हैं। अपर्णा ने साल 2017 में लखनऊ कैंट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन वो बीजेपी की रीता बहुगुणा जोशी से हार गई थी। बाद में अपर्णा यादव ने बीजेपी का दामन थाम लिया। अपर्णा लखनऊ के सरोजनीनगर इलाके में जीव आश्रम नाम का एक एनजीओ चलाती हैं जहां गाय, भैंस और कुत्तों की देखभाल की जाती है। अपर्णा यादव के पिता पत्रकार हैं और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त रह चुके हैं। अगर बीजेपी मैनपुरी सीट से अपर्णा यादव को मैदान में उतारती है तो ये चुनाव काफी दिलचस्प हो जाएगा। फिर देखने वाली बात होगी कि मुलायम सिंह यादव के भाई शिवपाल यादव किसका साथ देते हैं। हालांकि माना जा रहा है कि अगर ये सियासी समीकरण बनता है तो शिवपाल यादव डिंपल की बजाय अपर्णा यादव का साथ देंगे। इसके साथ ही पिछले दिनों ये भी अटकलें चल रही थी कि बीजेपी मैनपुरी सीट से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को उम्मीदवार बना सकती है। हालांकि ये सिर्फ कयास हैं। बीजेपी ने अभी तक मैनपुरी सीट पर उम्मीदवारी पर पत्ते नहीं खोले हैं।

## एक नजर

### 60 भेड़ों के साथ युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**सासाराम।** जिले के करगहर थाना क्षेत्र के अररूआं गांव में गुरुवार को हीरा पाल के घर कोहराम मचा हुआ है। हीरा पाल के बेटे अवधेश पाल 42 साल की मौत आज कैमूर के माहनियां स्टेशन के पास ट्रेन से कट कर हो गई। परिवार भेड़ पालन कर जीवन-यापन करता है। दुर्घटना में परिवार के 60 भेड़े भी ट्रेन से कट गई हैं। बताते हैं अवधेश पाल भेड़ों को लेकर पांच मांह पूर्व यूपी के जौनपुर गया था। अब जाड़े का मौसम शुरू होते ही अपने भेड़ों के साथ गांव लौट रहा था। इस क्रम में वह भेड़ों के साथ कैमूर के मोहनिया स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। अपने भेड़ों को भगाने की कोशिश में अवधेश खुद ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तत्काल कैमूर के लिए रवाना हो गया।

### नशाखोरी के खतरों की जानकारी दी जाएगी

**कैमूर।** नेशनल कंट्रोल ब्यूरो से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नशाखोरी से होने वाले खतरों की जानकारी के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा जनसमर्थन जुटाने हेतु एक ऑनलाइन ई-प्लग अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को ई-प्लग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।8अभियान का शीर्षक से यश टू लाईफ नो टू ड्रग्स माय जीओवी डॉट इन पोर्टल पर पर शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत एनसीबी का लक्ष्य 75,00000 नागरिकों को ई- प्लग दिलाना है। जिससे कि अभी तक 24,00000 नागरिकों ने ई-प्लग ले लिया है। इस मामले में कहा गया है कि नशाखोरी अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं एकजुटता दिखाते हुए सभी विद्यार्थी शिक्षक एवं अधिकारियों को ई- प्लग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

### दो हजार लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो धराए

**अरवल।** शराब माफियाओं के खिलाफ जारी अभियान के तहत सदर थाना को बड़ी सफलता मिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर ट्रक से दो हजार लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चालक और सह चालक को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष शंभू पासवान ने बताया कि आरक्षी अधीक्षक हिमांशु शंकर त्रिवेदी के निर्देश पर बड़ी वाहनों का जांच किया जा रहा था। उसी क्रम में चालक की भूमिका संदिग्ध लगने पर इसे बारीकी से जांच की गई।

# फाइलेरिया दिवस आज : जागरूकता और दवा का सेवन है इस बीमारी से सुरक्षा का मार्ग

- केयर फॉर द नेग्लेक्टेड है इस वर्ष की थीम

**केटी न्यूज/आरा**



आज भले ही हम तरक्की की रोज नई नई सीढ़ियां चढ़ रहे हैं, लेकिन आज भी कई बीमारियां ऐसी हैं जिसने लोगों का जीवन बोझिल बना दिया है। जिनमें फाइलेरिया भी एक है। फाइलेरिया न केवल लोगों को कमजोर व लाचार बनाता है, बल्कि इससे विकलांगता का खतरा भी अधिक होता। दूसरी ओर इस बीमारी की चपेट में आ जाने के बाद धीरे धीरे लोगों की मानसिकता पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगता है। इस रोग से प्रभावित मरीज व उनके परिजनों को हर घड़ी लोगों के द्वारा तिरस्कार करने व मजाक उड़ाने का डर सताता है। वहीं, रोगग्रस्त मरीज अपना जरूरी काम भी सही से नहीं कर पाते हैं। कई मामलों में तो मरीजों की रोजी-रोजगार प्रभावित होती है।

**क्यूलेक्स मच्छर माइक्रो फाइलेरिया लार्वा को जन्म देता है :** फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। इसके काटने से शरीर में वुचेरिया बेंक्राफ्टी नाम का परजीवी प्रवेश कर जाता है। क्यूलेक्स मच्छर माइक्रो फाइलेरिया लार्वा को जन्म देता है। मच्छर के काटने से बॉडी में ब्रुजिया मलेई परजीवी शरीर में पहुंच जाता है। मच्छरों के काटने के कारण माइक्रोफाइलेरिया लार्वा शरीर में लिम्फेटिक और लिम्फ लोड्स में चला जाता है। जो कई सालों तक शरीर में एडल्ट वर्म में विकसित होते रहते हैं। जिसका पता लगभग 10 से 15 साल के बाद चलता है। लेकिन, तब तक मरीज ग्रेड टू के स्टेज को भी पार कर लेता है।

### 11 नवंबर को मनाया जाता है फाइलेरिया दिवस

फाइलेरिया के बारे में जनमानस को जागरूक करने और इस रोग के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए हर वर्ष 11 नवंबर को फाइलेरिया दिवस का आयोजन किया जाता है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है। जिसके लक्षणों की यदि सही समय पर पहचान नहीं की जा सकी, तो मरीज को हाथीपांव, हाइड्रोसील या अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति दवा के पूरा सेवन कर रोग को नियंत्रित रख सकता है। फाइलेरिया से संक्रमित हो जाने पर लंबे समय तक इलाज चलने और दवा की खुराक पूरी करने पर रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। दवाइयों की खुराक पूरी नहीं करने पर, यह रोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक है।

### हाथ-पैर में सूजन या दर्द फाइलेरिया होने के लक्षण

जिला वेक्टर बॉर्न डिजिज कंट्रोलर अफसर डॉ. विनोद कुमार ने बताया, यदि ज्यादा दिनों तक बुखार रहे, पुरुष के जननांग में या महिलाओं के स्तन में दर्द या सूजन रहे और खुजली हो, हाथ-पैर में भी सूजन या दर्द रहे तो यह फाइलेरिया होने के लक्षण हैं। तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर चिकित्सा शुरू करवाना सुनिश्चित करवाएं। मरीज नियमित रूप से बताये गए दवा का सेवन करें और अपने परिजनों को भी डीईसी एवं अल्बेंडाजोल दवा का सेवन जरूर करने के लिए प्रेरित करें। हालांकि इसके लिये जिले में अभियान चलाये जाते हैं। पांच साल तक एक बार इन दवाओं के सेवन से कोई भी व्यक्ति आजीवन फाइलेरिया के खतरे से मुक्त हो सकता है।

### राजकोट में गिरफ्तारी के बाद रंजन यादव गुरुवार को लाया गया आरा, पूछताछ जारी

# रंजन ने खोले राज, स्वर्ण व्यवसायी की छाती पर चढकर गला और मुंह दबा की गई थी हत्या

- मुख्य आरोपित अमर सहित अन्य आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी तेज

**केटी न्यूज/आरा**



जानकारी देते एसपी व इनसेट में आरोपी रंजन

जिले के चर्चित आभूषण कारोबारी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता के अपहरण और हत्याकांड में गिरफ्तार रंजन यादव को आरा लाया गया। गुरुवार की सुबह पुलिस टीम उसे लेकर आरा पहुंची। उसे रविवार की सुबह गुजरात के राजकोट में गिरफ्तार किया गया था। उसे पूछताछ के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया जाएगा। इधर, सूत्रों के अनुसार रंजन यादव द्वारा पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक रंजन यादव द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह घटना में शामिल था। अमर कुमार ने छाती पर बैठ और गला-मुंह दबा व्यवसायी हरिजी गुप्ता को मार डाला था। व्यवसायी को पटना-बक्सर फोरलेन के रास्ते कार से ले जाया जा रहा था। इस बीच धनुपरा के पास ही व्यवसायी की मौत हो गयी थी। उसके बाद शव को रानीसागर के पास पुलिया के नीचे छुपा दिया गया। घटना के बाद वह आरा लौट आया। वहां से पटना के रास्ते राजकोट भाग गया था। वहां रविवार की सुबह गुजरात पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे लाने के लिए केस के आईओ दारोगा अविनाश कुमार के नेतृत्व में टीम राजकोट गयी थी। पुलिस मुख्य आरोपित अमर कुमार सहित अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में जुटी है।

**छठ को ले दीपावली में आया था घर :** रंजन यादव करीब छह साल से गुजरात के राजकोट की किसी कंपनी में काम करता था। वह टेंपो भी चलाता था, जिसके कारण उसका संबंध मोटर पार्ट्स दुकानदार अमर कुमार से बन गया था। ऐसे में वह जब भी घर आता था, तो पअमर का ऑटो चलाता था। इस साल उसके घर छठ पूजा हो रहा था। उसे लेकर वह दीपावली पर राजकोट से घर आया था। छठ के बाद उसे राजकोट जाना था। इस बीच दो नवंबर को अमर के पास चला गया और अपहरण व हत्याकांड में फंस गया। बता दें कि नगर थाने के महाजन टोली नंबर एक निवासी आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता दो नवंबर को किराया वसूलने बलुआही स्थित अपने मार्केट गये थे। उसके बाद उनको अगवा कर लिया गया था। रविवार को उनका शव आरा-बक्सर हाईवे पर रानीसागर के पास पुलिया के नीचे पानी भरे नाले से मिला था।

### ऑटो में बैट्री लगाने अमर के पास पहुंचा था रंजन

नगर थाना क्षेत्र अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी रंजन यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपित अमर कुमार का ऑटो चलाता था। घटना के दिन वह ऑटो में बैटरी लगाने अमर के पास दुकान पर गया था। तभी व्यवसायी हरिजी गुप्ता किराया लेने अमर के पास पहुंच गए। वहां दोनों में विवाद हो गया और मारपीट हुई। उस दौरान अमर कुमार द्वारा धक्का दे व्यवसायी को गिरा दिया गया। उसके बाद वह उनकी छाती पर बैठ गया और मुंह व गला दबा दिया। कुछ देर में ही व्यवसायी शांत हो गये, तो कार पर लादकर बिहिया की ओर निकल गये।

## छोटकी सिंगही हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार, तीन के खिलाफ वारंट

### पुलिस ने गुरुवार की सुबह बाइपास से दोनों आरोपितों को पकड़ा

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के टाउन थाना अंतर्गत छोटकी सिंगही हत्याकांड में पुलिस द्वारा फिर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें छोटकी सिंगही गांव निवासी राजा सिंह और बंटी सिंह शामिल हैं। राजा कुमार सिंह मुख्य आरोपित ऋतिक सिंह का भाई है। उस पर भी अभिषेक सिंह एवं सागर सिंह को गोली मारने और ढेमन सिंह पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप है। दोनों को गुरुवार की सुबह नवनिर्मित फोरलेन बाइपास से गिरफ्तार किया गया। इधर, फरार चल रहे मुख्य आरोपित ऋतिक सिंह सहित तीन आरोपितों के खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया है। उसके बाद पुलिस द्वारा तीनों के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। पुलिस अब वारंट लौटा कर इश्तेहार और कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी देगी। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि राजा कुमार सिंह और बंटी सिंह घर आये हैं। उस आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह और दारोगा विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा छापेमारी की गयी। लेकिन पुलिस की भनक लगते ही दोनों घर से भाग निकले। इस पर पुलिस ने पीछा कर पटना बाइपास से दोनों को दबोच लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस द्वारा ऋतिक सिंह, उसके भाई रवि सिंह सहित तीन आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

**इश्तेहार व कुर्की को लेकर जल्द कोर्ट पहुंचेगी पुलिसः** छोटकी सिंगही हत्याकांड में पुलिस द्वारा अबतक छह आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। हालांकि मुख्य आरोपित ऋतिक सिंह सहित तीन फरार चल रहे हैं। कोर्ट द्वारा तीनों के खिलाफ वारंट भी जारी कर दिया गया है।ुलिस की ओर से कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उसे लेकर पुलिस जल्द ही कोर्ट पहुंचेगी।

## सरेराह बाइक सवार उच्चक्कों ने महिला से लूटे 50 हजार रुपये, जांच में जुटी पुलिस

- पोती के साथ बैंक से रुपये निकासी कर लौट रही थी पीड़िता

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



शहर में बेखौफ बाइक सवार अपराधियों ने टेलीफोन विभाग के रिटायर्ड एसडीओ की पत्नी से 50 हजार रुपये लूट लिए और मौके से भाग गए। घटना नगर थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर मोहल्ले के समीप की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और मामले की छानबीन में जुटी है। दरअसल शहर के निजामुद्दीनपुर मोहल्ला निवासी टेलीफोन विभाग के रिटायर्ड एसडीओ स्व. बाल्मीकि शर्मा की पत्नी उषा देवी गुरुवार को अपनी पोती के साथ स्टेट बैंक से 50 हजार की रकम अपने खाते से निकाली और अपने पर्स में रख कर ऑटो पर सवार होकर अपने घर की तरफ जा रही थी। जैसे ही ऑटो निजामुद्दीनपुर मोहल्ले के समीप पहुंची, तो पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला से रुपए से भरा पर्स छीन लिया और फरार हो गए। इस दौरान महिला ने शोर मचाया।महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पीड़ित महिला ने बताया कि वह अपने पोती के साथ बैंक से रुपया निकाल कर घर आ रही थी, तभी ऑटो का किराया देने के क्रम दो बाइक सवार अपराधी आये और रुपये से भरा पर्स छीन कर काको रोड की ओर फरार होए। काफी शोर मचाने पर लोग पहुंचे तक तक बाइक सवार बदमाश भाग गए थे। इधर लोगो की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची 112 नम्बर की पुलिस गाड़ी ने मामले की छानबीन शुरू कर दी ।पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

## गंगा में डूबे इंटर के छात्र का तीसरे दिन मिला शव, घर में मचा कोहराम

- सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली घाट के पास गंगा से गुरुवार की सुबह बरामद हुआ शव

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली स्थित गंगा नदी में डूबे इंटर के छात्र की मौत हो गयी है। उसका शव गुरुवार की सुबह महुली स्थित गंगा नदी से बरामद किया गया। मृत छात्र मूल रूप से गड़हनी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी श्याम नारायण पासवान का 17 वर्षीय पुत्र करण कुमार था। फिलहाल वह आरा टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर में अपने मकान में परिवार के साथ रहता था। उसके पिता किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। उसके नाना कामेश्वर राम दारोगा हैं और आरा नगर थाने में पोस्टेड हैं। शव मिलने पर ओपी इंचार्ज राजीव कुमार पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, छात्र के नाना दारोगा कामेश्वर राम ने बताया कि करण कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की दोपहर गंगा स्नान करने के लिए सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली घाट गया था। वहां स्नान करने के दौरान वह गंगा में डूब गया। उसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन की गयी। लेकिन मंगलवार को उसका शव नहीं मिल पाया। उसके बुधवार को एसडीआरएफ की टीम बुलायी गयी। टीम बुधवार को पूरे दिन बोट के जरिए गंगा में उसे खोजती रही। परंतु शव नहीं मिला। इसी बीच गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने महुली के पास ही गंगा नदी में उसका शव तैरता देखा गया।ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद उसके शव को निकाला गया। इकलौते बेटे की मौत से मां रेणु देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। मंगलवार से ही बेहाल चल रही मां बेटे का शव मिलते ही बिलख उठी। बेटे के वियोग में वह बार-बार अचेत हो जा रही थी। दोनों बहनों के साथ घर के अन्य सदस्य भी बेहाल थे। भताया जाता है कि छात्र दो बहनों के बीच इकलौता भाई था।

## छोटी खबरें

### महागठबंधन ने किया है आह्वान, देश को भाजपा मुक्त बनाना है : भाई वीरेंद्र



**अरवल।** प्राक्कलन समिति के सभापति भाई वीरेंद्र दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। इस दौरान सर्किट हाउस में जिले में चल रहे योजनाओं को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं, महागठबंधन के नेताओं के साथ हुई बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्य और अन्य तरह की जानकारी प्राप्त की इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि सरकार द्वारा कराई गई कार्यों का समीक्षा के लिए भेजा गया है। साथ ही कहा कि बिहार में जब क्रांति होती है तो देश करवट लेती है समय आ गया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद एवं नीतीश कुमार ने आह्वान कर दिया है कि देश को भाजपा मुक्त बनाना है आज भाजपा सरकार विपक्षी दलों के यहां ईडी एवं आयकर विभाग द्वारा छापेमारी करवा कर डराने का जो कार्य कर रही है, महागठबंधन इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। केंद्र सरकार बताना चाहिए कि एनडीए गठबंधन के नेताओं के यहां आज तक ईडी एवं आयकर विभाग का छापा नहीं हुई है। यही भाजपा की नीति है। महागठबंधन की सरकार जब से बनी है, सरकार 20 लाख लोगों को रोजगार देने की तैयारी में जुटी हुई है। हजारों लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक की जा रही है। जहां भी त्रुटि पाई जाएगी उनके विरुद्ध राज सरकार को लिखा जाएगा। इस मौके पर कुर्था विधायक बागी कुमार वर्मा, अरवल विधायक, महानंद सिंह तथा जदयू के जिलाध्यक्ष रामकिशोर वर्मा, राजद जिलाध्यक्ष जगजीवन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### घरवालों ने नहीं दिया पैसा तो युवक ने की आत्महत्या, परिजनों ने कहा की गई है हत्या

**जहानाबाद।** गुरूवार को काको थाना क्षेत्र के हाटी गांव में युवक की शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। गांव क बाहर बगीचे से युवक का शव पड़ा दिखा। शव की पहचान गांव के ही सुजीत कुमार उर्फ कन्हैया नामक युवक के रूप में हुई। जो अभाविप के एक कार्यकर्ता भी हैं। जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जूट गई। परिवारिक सूत्रों के अनुसार कि हाटी गांव निवासी सुजीत कुमार उम्र 30 वर्ष बुधवार की शाम से ही अपने घर से लापता था। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई, परंतु नहीं मिला। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस भी सुजीत कुमार की खोजबीन में लगी हुई थी, लेकिन देर रात तक यह वह नहीं मिला। सुबह सुजीत कुमार शव गांव के बगल एक बगीचे से बरामद हुआ है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक पांडेय पहुंचे। जहां उन्होंने मामले की जांच की और परिजनों से पूछताछ की। घटनास्थल से बाइक और सल्फास की गोली भी बरामद की गई है।

# भूमिहीन किसानों के लिए बेहतर विकल्प है बकरी पालन : डीएओ

- आत्मा,बक्सर द्वारा बकरी पालन विषय प्रशिक्षण के लिए किसानों के जत्थें को किया रवाना

**केटी न्यूज/बक्सर**




कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा 40 कृषकों के जत्थे को गुरुवार को बकरी पालन विषय पर प्रशिक्षण में भाग दिलाने के लिए उत्कृष्ट संस्थान उत्थान, पटना भेजा गया है। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण 10 से 14 नवंबर तक कुशल प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले किसानों को बकरी पालन के तरीके तथा इससे मिलने वाले लाभों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि बकरी पालन को गरीबो का एटीएम कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस व्यवसाय पर बाढ़ या सुखाड़ का कोई असर नहीं पड़ता है साथ ही घर में बकरी पालन होने से महिलाओं के लिए भी बेहतर रोजगार का अवसर पैदा होता है।

कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है बकरी पालन

बकरी पालन कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाला व्यवसाय माना जाता है। बकरियों का रख-रखाव भी काफी आसान एवं सस्ता होता है। बकरी पालन से तीन प्रकार के मुख्य लाभ है। इससे दुग्ध उत्पादन, मांस उत्पादन एवं खेतों के लिए जैविक खाद मिल जाता है। बकरी द्वारा इन उत्पादित तीनों उत्पादों की गुणवता उच्च होती है।

**पोषक तत्वों व औषधीय गुणों से भरपूर है बकरी का दूध :** उत्थान संस्थान के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बिहार में पाली जाने वाली उपयुक्त नस्ल, बकरी के गोबर का उपयोग, जैविक खेती के लिए जैविक खाद बनाने की विधि, गाँव से बाहर जाने वाले श्रमिक को बकरीपालन को सर्वोतम रोजगार में बदलने का तरीका इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बकरी का दूध पौष्टिक व औषधीय गुणों से भरपूर होता है। बिहार में बेहतर पालन हेतु ब्लैक बंगाल बकरी को उन्नत नस्ल बताया। जत्थे में शामिल कृषको के समन्वय हेतु विवेकानंद उपाध्याय एवं योगेश मिश्र को शामिल किया गया है। मौके पर आत्मा कर्मी चन्दन कुमार सिंह सहित प्रगतिशील कृषक दीनबंधु पासवान, अजित पासवान, मनीष कुमार, गामा प्रसाद, प्रदीप कुमार पासवान, दीनानाथ पासवान, आफताब अंसारी सहित अन्य कृषक उपस्थित थे।

## फटाफट खबरें

### दो पक्षों में मारपीट, देशी कट्टा पुलिस को सौंपा

**नावानगर।** जिले के नावानगर थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव में बीते दो दिनों से दो पक्षों में तनाव है। गुरुवार को दोनों पक्ष के बीच मारपीट हुई। साथ ही एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक युवक को घर में बंद कर पुलिस को सूचना दी। जहां पुलिस को एक पक्ष ने पुलिस को देशी कट्टा देते हुए घर में बंद युवक के पास होने की जानकारी पुलिस को दी। उक्त आरोपी परमानपुर निवासी चुनमुन चौबे बताया जा रहा है। इधर पकड़ा गया युवक ने कहा कि उसके पास देशी कट्टा नहीं था, बल्कि फंसाने के लिए विरोधी ही अपने पास से कट्टा पुलिस को दिए है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है।

### तीन शराबी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नावानगर।** वासुदेवा ओपी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से तीन शराबियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबियों में चकौड़ा निवासी संजू कुमार सिंह तथा रामपुर निवासी धर्मेंद्र यादव एवं बलजीत यादव हैं। इसकी पुष्टि करते हुए वासुदेवा ओपी थानाध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम गश्ती के दौरान भदार मोड़ से संजीव कुमार तथा आथर से धर्मेंद्र एवं बलजीत को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तीनों को नावानगर सीएचसी में मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल जांच में अल्कोहल सेवन की पुष्टि होने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### 35 कैदियों को गौपालन का दिया गया सर्टिफिकेट

**बक्सर।** सेंट्रल जेल बक्सर में 35 कैदियों को गौ पालन हेतु जेल अधीक्षक राजीव कुमार के द्वारा सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम किया गया। यह प्रशिक्षण दस दिनों से चल रहा था। यह प्रशिक्षण पंजाब नेशनल बैंक के आरसेटी बक्सर द्वारा 35 कैदियों को गौ पालन एवं वर्मी कंपोस्ट के लिए दिया गया। इस प्रशिक्षण से वे अपने जीविका पार्जन हेतु स्वरोजगार कर सकेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक जे के वर्मा, जेलर बक्सर, आरसेटी डायरेक्टर मनीष कुमार, आराधना एवं अब्दुल मौजूद थे। अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि अगला प्रशिक्षण दिसंबर में मशरूम उत्पादन हेतु करवाया जाएगा।

### जमीन बिक्री में फर्जीवाड़े का आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने जमीन बिक्री में धांधली के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी संतोष चौबे नगर के खिरौली का रहने वाला है। मिली जानकारी के अुनसार वह अपने सहयोगियों के साथ किसी से जमीन देने के नाम पर दस लाख रूपए की ठगी कर लिया था। पीड़ित द्वारा इस मामले में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था। पुलिस इस मामले में पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वही अब दूसरे आरोपी को भी जेल की हवा खानी पड़ रही है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है।

# डॉ सच्चिदानंद को उचित सम्मान देने व उनके पैतृक घर को स्मारक बनाने की उठी मांग

- पैतृक गांव में मनाई गई संविधान निमार्ता व बिहार के शिल्पकार डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की जयंती

**केटी न्यूज/चौगाई**

संविधान सभा के प्रथम स्थायी सदस्य तथा संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाने के साथ ही बिहार को अलग राज्य के रूप में गठन कराने वाले डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की 151वीं जयंती गुरुवार को मनाई गई। इस मौके पर उनके पैतृक गांव डुमरांव अनुमंडल के मुरार में समारोह आयोजित कर उन्हें नमन किया गया।




संविधान निर्माता की मूर्ति पर माल्यार्पण करते अतिथि




स्वागत गान प्रस्तुत करती छात्राएं

कार्यक्रम की शुरूआत मुरार हाई स्कूल में स्थापित उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा उन्हें नमन कर किया गया। बता दें कि वे इसी स्कूल से पढ़े भी थे तथा आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो देश को आजाद कराए तथा उन्हीं के नेतृत्व में भारतीय संविधान की रचना हुई थी। वे संविधान सभा के प्रथम स्थायी सदस्य भी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा सच्चिदानंद सिन्हा रचना चक्र के राष्ट्रीय संयोजक सुधाकर श्रीवास्तव व संचालन विनय श्रीवास्तव ने किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बताया कि उन्होंने संविधान की रचना करने के साथ ही आधुनिक बिहार का निर्माण भी किया था।

वही अध्यक्षता कर रहे सुधाकर श्रीवास्तव ने कहा कि डा सिन्हा जिस सम्मान के हकदार थे, उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि वे अपनी पटना विधानसभा भवन व हेलीपैड निर्माण के लिए अपनी जमीन तक दान कर दिए थे। लेकिन विधानसभा में उनकी प्रतिमा तक नहीं लगाई है। उन्होंने पैतृक गांव मुरार के उनके घर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने, विधानसभा में उनकी प्रतिमा लगाने आदि मांगों को अपने संबोधन के दौरान रखा तथा बताया कि इसके लिए देशभर में आंदोलन चलाया जाएगा।

इसके पहले मुरार हाई स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर आगत अतिथियों का स्वागत किया। जयंति समारोह को अमरेन्द्र राजेश, संतोष सिन्हा, मुरार पंचायत के पूर्व मुखिया बलिशंकर पांडेय, बीडीओ तेज बहादुर सुमन, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, नंदलाल पंडित और उत्तम तिवारी समेत कई अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया तथा उन्हें महान सपूत बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह उनके गांव के लिए सौभाग्य की बात है कि भारतीय संविधान के रचनाकार व आधुनिक बिहार के निमार्ता उन्हीं के गांव के रहने वाले थे। यह पूरे गांव के लिए गौरव की बात है। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार सिंह, मिथिलेश पाठक, शिवपूजन लाल, सुधांशु शेखर, जिला पार्षद डा राजीव कुमार यादव, मुरार पंचायत के मुखिया श्रवण कुमार प्रसाद, उप प्रखंड प्रमुख राहुल कुमार मेहता, मंटू पटेल, राकेश कुमार गौतम, अशोक कुमार सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, वीरेंद्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार सिन्हा, सोनू गुप्ता, बक्शी प्रवीण कुमार और धर्मदेव तिवारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा नहर मार्ग के समीप हत्या कर फेंका गया था शव

# घर में मिला युवक का शव, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से लिये कई साक्ष्य



मौके पर जांच करती पुलिस व जुटे ग्रामीण

**केटी न्यूज/चौसा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा नहर मार्ग के किनारे स्थित एक खंडहरनुमा पुराने मकान से गुरुवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे तथा मुंह से भी खून निकला था। शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि कहीं अन्यत्र हत्या कर ठिकाने लगाने के उद्देश्य से यहां फेंका गया है। सुबह में शौच करने गए ग्रामीणों की नजर जब इस पर पड़ी, तो उनलोगों ने पुलिस को सूचना दिया।

मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शव को कब्जे लिया और छानबीन शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से मृतक के संबंध में पूछता, लेकिन किसी ने भी उसे पहले नहीं देखा था। जिसके बाद पुलिस मृतक की पहचान करने में जुट गई। इधर कृतपुरा में युवक का शव मिलने की बात जंगल की आग की तरह फैल चुकी थी। लोग विभिन्न सोसल साइटों पर भी इसकी सूचना डाल पहचान की अपील कर रहे थे। कुछ घंटे बाद ही उसके परिजन वहां दौड़े भागे पहुंचे तथा शव की पहचान कर विलख-विलख कर रोने लगे। मृतक की पहचान मनोज सिंह उम्र 20 वर्ष पिता संतोष सिंह के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि मनोज सिंह का परिवार मूल रूप से राजपुर का रहने वाला है। लेकिन पिता चौसा में ही ग्रामीण चिकित्सक का कार्य करते है। जिस कारण लंबे समय से पूरा परिवार चौसा में ही रह रहा था। शव की पहचान तथा परिजनों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त किए जाने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हालांकि उसके परिजन न तो किसी पर आशंका जता रहे थे और न ही यह बता पा रहे थे कि वह घर से कब निकला था। वैसे सूत्रों की मानें तो युवक नशे का आदि था। माना जा रहा है कि नशे के हालत में ही उसके साथ यह हादसा हुआ है। बहरहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है नशे के दौरान ही आपस में हुए विवाद में ऐसी घटना को अंजाम दिया गया होगा।

### कहते हैं थानाध्यक्ष

मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि पुलिस कई बिंदुओं पर इसकी जांच कर रही है। उन्होंने मौत को संदेहास्पद मानते हुए कहा कि फिलहाल घटनास्थल से मिले साक्ष्य हत्या की ओर इशारा कर रहे है।

- जांच में जुटी स्थानीय पुलिस, एसपी के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया

### फारेंसिक टीम सुलझाएगी मौत की गुत्थी

इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए स्थानीय पुलिस ने फॉरेंसिक टीम का सहारा लिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इस घटना की सूचना एसपी को देते हुए मामले को सुलझाने के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद को जरूरी बताया था। इसके बाद एसपी ने इसकी सूचना फॉरेंसिक टीम को दिया। मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से कई साक्ष्य लिए है। फारेंसिक टीम के जाने के बाद ही स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस हत्याकांड के बाद इलाके में कई तरह की चर्चा चल रही है। बहरहाल उसके परिजन भी अभी तक कुछ खुलकर नहीं बता रहे है। जिस कारण पुलिस के लिए इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाना मुश्किल हो सकता है।

# डीके कॉलेज एनएसएस वोलंटियर का प्री-आरडी कैंप में हुआ चयन



छात्रा को शुभकामना देते कॉलेज के प्राचार्य

- छत्तीसगढ़ के विलासपुर में आयोजित हुआ है प्री आरडी कैंप, कॉलेज प्रबंधन ने दी शुभकामना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव डीके कॉलेज एनएसएस की स्वयंसेवी छात्रा व कॉलेज के स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा आकांक्षा राय का चयन विश्वविद्यालय द्वारा एनएसएस के प्री-आरडी कैंप के लिए किया गया है। अब वह छत्तीसगढ़ के विलासपुर में आयोजित प्री-आरडी कैंप में शामिल होगी। वहा से चयनित होने के बाद गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित परेड में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। उसके चयन पर कॉलेज व छात्रा के घर खुशी का माहौल है। आकांक्षा सिमरी दूधीपट्टी के श्रीभगवान राय की पुत्री है। उसके चयन के बाद गुरुवार को कॉलेज परिसर में एक समारोह आयोजित कर उसे सम्मानित किया गया तथा प्री आरडी कैंप के लिए शुभकामनाएं दी गई।

कॉलेज एनएसएस के को-ऑर्डिनेटर डॉ. रमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आकांक्षा काफी रूचि से एनएसएस का प्रशिक्षण लेती है। वह अपने लगन व मेहनत के बदौलत जरूरी दिल्ली में आयोजित होने वाले परेड में शामिल होगी। वहीं, प्राचार्य डॉ. अरबिंद कुमार सिंह ने भी उसे आरडी परेड में चयनित होने की शुभकामनाएं दी है। छात्रा को बधाई देने वालों में डॉ. उषा रानी, डॉ. रमेश यादव, डॉ. अब्दूल कैश, डॉ. सरोज, अनिश कुमार सिंह, अखिलेश्वर सिंह समेत कई अन्य कॉलेज कर्मी शामिल रहे।

# पराली जलाने वाले कृषि से संबंधित योजनाओं का नहीं ले पाएंगे लाभ

**केटी न्यूज/ बक्सर**

फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता फैलाने के साथ ही कृषि विभाग व जिला प्रशासन इस बार पराली जलाने वाले किसानों पर सख्त हो गया है। पराली जलाने से पर्यावरणण को पहुंच रहे खतरें को देखते हुए कृषि विभाग इस बार पराली जलाने वाले किसानों को चिन्हित कर उनपर धारा 133 के तहत दंडात्मक कार्रवाई करने तथा उन्हें तीन वर्षों तक किसी भी तरह के कृषि अनुदान का लाभ नहीं देने व पूरे परिवार के पंजीकरण को ब्लॉक करने का निर्णय लिया है। पराली जलाने वालों की निगरानी विभाग द्वारा सेटेलाईट के माध्यम से की जा रही है। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार जिले का तापमान सामान्य से अत्यधिक रहने की संभावना बताई गई है। इस परिस्थिति में पराली जलाने वाले सावधान रहें।

पराली जलाने से पर्यावरण के साथ-साथ मिट्टी की सेहत लगातार खराब होती जा रही है। फसल अवशेष को जलाने से मिथेन, कार्बन डाई ऑक्साईड, कार्बन मोनो ऑक्साईड, पार्टिकुलेट मेटर जैसे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, साथ ही भूमि को उर्वर बनाने वाले तत्व यथा नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सल्फर नष्ट हो जाते हैं, जो खेती के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। फसल अवशेष को जलाने से फेफडे की समस्या, सांस लेने में तकलीफ, कैंसर सहित इत्यादि जटिल बीमारियां होती है। जिला कृषि पदाधिकारी ने हार्वेस्टर मालिकों से अपील किया है कि वो किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें।

### अज्ञात चोर पिकअप से ले भागे दुधारू मवेशी

**नावानगर।** बुधवार की देर रात नावानगर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव स्थित ढाकुरबाड़ी के पास से अज्ञात चोरों ने पिकअप से एक दुधारु गाय चुराकर भाग निकले हैं। पीड़ित पशुपालक करण सिंह ने गुरुवार की सुबह इसकी मौखिक सूचना पुलिस को दिया है। पुलिस मवेशी चोर की पहचान करने में जुट गई है। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि घर के पास उसने खुले में दुधारु मवेशी को खुंटा से बांधकर पास में सोए गया। तभी बुधवार की आधी रात के जिस जगह पर गाय बंधी थी वहा पिकअप लेकर पहुंचे तथा पलक झपकते ही पिकअप पर गाय को चढ़ाकर ले भागे। पीड़ित पशुपालक को जब दुधारु मवेशी की चिल्लाने की आवाज मिली तो उसने उस ओर पहुंचा, तो देखा कि पिकअप से उसकी दुधारु मवेशी लेकर अज्ञात चोर भाग रहे हैं।

# कैंप में सुमित्रा कॉलेज की कैडेटों ने लहराया परचम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जवाहर नवोदय विद्यालय नावानगर में आयोजित हुए एनसीसी कैंप में स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज की छात्राओं ने परचम लहराया है। इस कैंप में सुमित्रा महिला महाविद्यालय की लेफ्ट. डॉ. अमृता सिंह के नेतृत्व में 52 छात्राएं शामिल हुई। पूरे शिविर का नेतृत्व सुमित्रा महिला महाविद्यालय की छात्रा सीनियर अंडर ऑफिसर राधा कुमारी द्वारा किया गया।

शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगताओं में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 20 अवॉर्ड प्राप्त किए गए। महाविद्यालय की छात्रा राधा को सर्वश्रेष्ठ अनुसाशन एवं सर्वश्रेष्ठ सीनियर का खिताब प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुमित्रा महिला महाविद्यालय की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। डांस प्रतियोगिता में महाविद्यालय को छात्रा खुशी कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम में महाविद्यालय की दो छात्राएं कुसुम कुमारी एवं शबनम कुमारी शामिल थी।

# नेक कार्य के लिए सक्षम लोग आगे आकर करें मदद : विधायक

- जिले के पहले निक्षय मित्र बनेंगे सिमरी विधानसभा के विधायक शंभूनाथ यादव
- जिलाधिकारी ने जिला यक्ष्मा केंद्र को सौंपी है सक्षम लोगों, संगठनों व संस्थानों की सूची

**केटी न्यूज/बक्सर**



सिमरी विधायक से मिलने पहुंचे जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मचारी

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी मरीजों की सहायता के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र लोगों को निक्षय मित्र बनाने की तैयारी में जुट गया है। इस दिशा में पहल करते हुए जिले के सिमरी विधानसभा के विधायक शंभू नाथ यादव ने जिले के पहले निक्षय मित्र बनने की स्वीकृति दी है। साथ ही, उन्होंने अन्य सक्षम लोगों को इस दिशा में जागरूक करने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक कार्य के लिए सक्षम लोगों को स्वयं आगे आकर टीबी मरीजों और विभाग की मदद करनी चाहिए। जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर जिला यक्ष्मा केंद्र को सक्षम लोगों, संगठनों व संस्थानों को निक्षय मित्र बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए जिलाधिकारी ने संभावित लोगों की सूची भी सुपूर्द की है। जिसके आधार पर चिह्नित लोगों से संपर्क कर योजना के तहत उन्हें निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करेंगे। जिसके लिए जिला यक्ष्मा केंद्र सबसे पहले जनप्रति निधियों से संपर्क कर उन्हें योजना की जानकारी देगा और फिर निक्षय मित्र के लिए उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा ।

**मरीज की सहमति पर आधारित है निक्षय मित्र योजना :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. अनिल भट्ट ने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में यह सरकार की एक प्रयोगात्मक पहल है। जिसके माध्यम से निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण, डायग्नोस्टिक और रोजगार के स्तर पर मदद करेंगे। इसमें सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान और कॉर्पोरेट संस्थान भी अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र योजना की पूरी प्रक्रिया मरीज की इच्छा और उसकी सहमति पर आधारित है। निक्षय मित्र योजना के तहत सामुदायिक सहयोग प्राप्त करने के लिए इच्छुक जिले के मरीजों से सहमति प्राप्त की जा रही है। मरीजों की सहमति प्राप्त करते हुए उनका डिटेल्स निक्षय पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।

### रजिस्ट्रेशन कर योजना से जुड़ सकते हैं निक्षय मित्र

इस योजना से कोई भी जुड़कर निक्षय मित्र बन सकता है। निक्षय मित्र बनने के लिए सबसे पहले communitysupport.nikshay.in पर लॉगिन करना होगा।

इसके बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पर क्लिक करें। फिर निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर इस अभियान से जुड़ सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद सुविधानुसार निक्षय सहायता के लिए टीबी रोगियों का चयन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में टीबी की बीमारी से जुड़ी हर तरह की जानकारी के लिए निक्षय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 पर भी संपर्क कर सकते हैं। टीबी से संबंधित सारी जानकारी निक्षय हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त कर सकते हैं।

### पोषण के स्तर पर मदद करेंगे निक्षय मित्र

एसटीएलएस कुमार गौरव ने बताया, निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉपोर्रेट संस्थान आदि टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम छह माह, नौ माह, एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी प्रखंड, पंचायत, गांव, वार्ड या जिले के किसी टीबी रोगी मरीज को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण व आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। लोग सामाजिक दायित्व के तहत निक्षय मित्र योजना से जुड़कर भारत को टीबी मुक्त करने में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

# लोगों को निःशुल्क न्याय दिलाना ही विधिक सेवा दिवस का मुख्य उद्देश्य : सचिव

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार में किया शिविर का आयोजन
- प्राधिकरण की सचिव कामायनी दूबे ने जेल का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जेल का निरीक्षण करती विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव

विधिक सेवा दिवस के मौके पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कामायनी दूबे ने अभियान के अन्तर्गत शिविर का आयोजन व जेल का निरीक्षण किया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गई एवं उनके यथोचित अधिकार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में कुल 1130 बंदी निरूद्ध हैं। जिसमें 1025 पुरूष, 51 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल तीन बच्चे निरूद्ध हैं। इनमें 54 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, उर्द, राजमा की दाल, सब्जी (आलू-मूली), शाम का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पालक, मूली)। सचिव ने कहा कि विधिक सेवा दिवस देश के सभी नागरिकों को उचित, निष्पक्ष और सर्वसुलभ न्याय प्रक्रिया तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज के सुभेद्य और वंचित वर्ग के लोगों को निःशुल्क न्याय प्राप्ति हेतु सहायता एवं समर्थन जुटाना होता है।

जिसके बाद उन्होंने पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जेल के बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिया। ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। बैरक एवं कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरों के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारापाल रविन्द्र सिंह यादव व उप कारापाल कलमचन्द उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के तत्वावधान में विधिक जागरूकता के माध्यम से नागरिकों के सशक्तिकरण एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदत्त विधिक सहायता/विधिक योजनाओं से जनमानस को लाभांवित करने एवं प्रचार-प्रसार के लिए दो सप्ताह का महाअभियान के अंतर्गत आउटरीच गतिविधियों से संबंधित मेगा कैम्प का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नरेन्द्र विश्वकर्मा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, रामनगीना यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा ग्रामीण उपस्थित हुए। मेगा कैम्प में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

# सख्ती : कम राजस्व वसूली पर डीएम ने आबकारी विभाग से मांगा स्पष्टीकरण

## राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं करने पर अधिकारियों पर कार्यवाही होगी प्रस्तावित

- डीएम की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ की समीक्षा बैठक संपन्न
- कहा- प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन हो सुनिश्चित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक में शामिल डीएम व अन्य अधिकारी

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ की बैठक बुधवार की देर शाम रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने चकबंदी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, वाणिज्य कर, नगर पालिका, नगर पंचायत, आडिट आपत्ति, अंश निर्धारण, आईजीआरएस, मोटर देय, खनन, काउंटर फाइल, मंडी समिति, मोटर कर आदि के संबंधित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग की कम राजस्व वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए। ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कम राजस्व वसूली वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ली। बैठक में उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें। ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके।

## पिटाई का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

# महिलाओं ने ग्राम प्रधान को पटक-पटक कर पीटा, तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**



बलिया के एक गांव में महिला ग्राम प्रधान की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने महिला ग्राम प्रधान कलावती देवी की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो फेफना थाना क्षेत्र के आराजी माफी सागरपाली का बताया जा रहा है। जिसमें चार-पांच महिलाओं के द्वारा ग्राम प्रधान की पीटाई की जा रही है। वीडियो बनाने वाला युवक यह कहते सुना जा रहा है कि देखिए ये लोग महिला ग्राम प्रधान को मार रही हैं। वीडियो में थोड़ी दूर कुछ लोग तमाशबीन बने दिखाई दे रहे हैं। वीडियो बुधवार का बताया जा रहा है। इसके पहले बीते 15 अगस्त को झंडातोलन को लेकर भी ग्रामप्रधान के साथ दबंगों ने मारपीट की थी। ताजा प्रकरण में बताया जा रहा है कि आराजी माफी सागरपाली की ग्राम प्रधान कलावती देवी पहले किसी दूसरे शहर में रहती थीं।

पंचायत चुनाव के समय गांव आराजी माफी सागरपाली रिजर्व सीट में आ गया। गांव के कुछ लोगों ने कलावती देवी को अपने खर्चे पर चुनाव लड़ाया और वो प्रधान हो गईं। अब चुनाव लड़ाने वाले लोग चाहते हैं कि ग्राम प्रधान कलावती देवी उनके इशारों पर काम करें, लेकिन वो ऐसा नहीं कर रही। जिसे लेकर चुनाव लड़ाने वाले कलावती से रंजिश रखते हैं। 15 अगस्त को सागरपाली के एक प्राथमिक विद्यालय में झंडातोलन के समय दबंगों ने कलावती देवी के साथ दुर्व्यवहार किया था। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। अब फिर से एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें चार-पांच महिलाएं कलावती देवी को मारती हुई दिखाई दे रही हैं।

## फटाफट खबरें

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** जिले की रेवती पुलिस ने सहतवार थाना क्षेत्र के बलुआ निवासी गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी नंदलाल को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। एसओ रेवती हरेंद्र सिंह ने बताया कि लम्बे समय से फरार आरोपी के खिलाफ कोर्ट की ओर से कुर्की की नोटिस जारी की गयी थी। पुलिस के जवान बुधवार को उसके नोटिस का तामिला कराने पहुंचे। इसी बीच आरोपित घर पर मौजूद था तथा वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी पुलिस टीम में एसओ के अलावे रामबाबु गोस्वामी, सूरज यादव, विपिन सिंह आदि थे।

### पूर्व सैनिक की जेब से गायब हुए रुपये

**बलिया।** सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया की लालगंज शाखा में उचक्कों ने पूर्व सैनिक की जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस पड़ताल में जुटी है। दोकटी थाना क्षेत्र के बहुआरा निवासी भूतपूर्व सैनिक रामनाथ सिंह ने बैंक की शाखा से 20 हजार रुपए निकाले। पैसे जेब मे रखकर वे बगल के काउंटर पर जीवित प्रमाण पत्र देने लगे। इसी बीच उच्चको ने उनके पैसे गायब कर लिए।

### दो भैंस चोरी होने से पशुपालकों में रोष

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के गौरा बगही निवासी बुनेली यादव व भरत उर्फ झींगुरी यादव की भैंस चोरी हो गयी। घटना के बाद गांव में खलबली मच गयी। पीड़ित पशु पालकों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। परिजनों के अनुसार चारा खिलाने के बाद भैंसों को खूंटे पर बांधने के बाद लोग घरों में सो गये। रात में पहुंचे चोर दोनों की भैंस खोल ले गये। रात में ही लोगों की नींद खुली तो भैंस गायब थी। इसके बाद खोजबीन शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार गांव से बाहर एक स्कार्पियों खड़ी थी। संदेह होने पर लोग गाड़ी की ओर बढ़ने लगे, तभी मौजूद लोग वाहन लेकर फरार हो गये।

### भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष के घर चोरी

**बलिया।** भाजपा के गोरक्ष प्रांत की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव के सतनी सराय स्थित बंद पड़े मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोरों ने उनके घर में बक्सा व आलमारी को तोड़कर डेढ़ लाख के जेवर और 25 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की सुबह पड़ोसियों ने दरवाजे का ताला टूटा देखकर घटना की सूचना भाजपा नेत्री व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे शहर कोतवाल प्रवीण सिंह ने छानबीन कर मामला दर्ज कर लिया है। सुनीता बीमार बेटे के इलाज के सिलसिले में लखनऊ में हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गाजीपुर।** दिलदारनगर स्थानीय लिमिट के अप प्लेटफार्म पर अचानक ट्रेन की चपेट में आने से 20 वर्षीय की मौत हो गई। युवक की पहचान रिजवान पुत्र अजीज मंसूरी निवासी बेलाद, थाना घूरना, अररिया बिहार का रहने वाला था। रिजवान दिलदारनगर में रह कर मजदूरी का कार्य करता था। रात के समय किसी कार्य बस अचानक रेल लाइन पार कर कही जा रहा था। के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी चौकी प्रभारी विद्यासागर ने बताया कि मृतक की पहचान उसके पास मिली मोबाइल के अधार पर हुआ है।

# पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध देसी शराब को सुरहा ताल में किया नष्ट



**केटी नयूज/बलिया**

जिले के बांसडीह पुलिस के द्वारा गुरूवार को तलाब में सर्च ऑपरेशन चला कर अवैध शराब का जखीरा विनष्ट किया है। सूत्रों के अनुसार बांसडीह पुलिस ने सुरहा ताल में तैयार किए जा रहे अवैध रूप से देसी दारू का जखीरा होने की सूचना मिली। जिसके बाद एक टीम बनाकर सर्च किया गया। जहां ड्रम में छिपाकर रखे शराब बरामद हुआ। बांसडीह कोतवाली पुलिस ने देसी शराब बनाने का जखीरा (लहन) बरामद किया और करीब 10 क्विंटल लहन नष्ट कर दिया। पुलिस टीम ने अवैध लहन को पानी में उतरकर बरामद किया और उसे निकाल कर नष्ट किया। पुलिस टीम ने ताल के खेतों में मिट्टी के भीतर मिट्टी खोदकर ड्रम को निकाला और लहन नष्ट किया। सीओ बांसडीह राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इस तरह की निगरानी रखी गई है। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से किसी प्रकार के धंधे को पनपने नहीं दिया जायेगा।

### 93 रिक्त पदों के लिए 18 नवंबर तक करें आवेदन

**बलिया।** जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से जनपद न्यायालय में कुल 93 रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्ति किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर पुननियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र, आय प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ 18 नवंबर तक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अभ्यर्थी 19 नवंबर को जिला न्यायालय परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होंगे। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# महराजी देवी जगराम यादव स्मृति दिवस पर सम्मानित किए गए लेखक व समाजसेवी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

महराजी देवी जगराम यादव स्मृति दिवस के अवसर पर स्थानीय विकास खंड के ग्राम चौकड़ी चौरा में आयोजित कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में शिक्षाविद, लेखक, कवि और समाजसेवियों को काव्य संग्रह, सम्मान पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सम्मानित होने वाले श्रेष्ठजनों में प्रमुख थे, जाने माने शिक्षाविद, जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा (बिहार) के पूर्व कुलपति हरिकेश सिंह, अद्वितीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू विश्वनाथ राय के पुत्र इतिहासकार विश्वविमोहन शर्मा, महान समाजवादी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पण्डित दलश्रृंगार दुबे के पौत्र पूर्व विधायक अभिताभ अनिल दुबे, उर्दू अदब के राष्ट्रीय हस्ताक्षर शेख जैनुल आब्दीन, जुझारू समाजसेवी यूट्यूबर ब्रजभूषण दुबे, समाजसेवी मोहम्मद अब्बासी और युवा कवित्रि सुश्री अंकिता यादव।




स्मृति दिवस पर आयोजित कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित जंगीपुर के विधायक डॉक्टर वीरेंद्र यादव ने कहा कि आप सभी को सम्मानित करके केवल मैं नहीं, यह समारोह नहीं, यह धरती भी धन्य महसूस कर रही है। उन्होंने कवि डाक्टर अक्षय पांडेय, पंकज प्रखर, बालेदीन यादव बेसहारा, कामेश्वर द्विवेदी, गौरीशंकर पांडेय सरस, विजय कुमार मधुरेश, दिनेश शर्मा और विनय विश्वात्मा को भी "अच्छा भी हो सकता है" काव्य संग्रह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और कहा कि साहित्य सभी को जोड़ता है जो आज की राष्ट्रीय जरूरत है।

## छोटी खबरें

### भाई ने चचेरी बहन के साथ किया मुंह काला

**बैरिया।** क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय किशोरी के साथ तथाकथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवक ने रिश्ते में अपनी 12 वर्षीय चचेरी बहन के साथ बुधवार को बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत पीड़िता ने अपने पिता से की। पिता ने बैरिया थाने में बुधवार की देर रात तहरीर दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर धारा 376 (3) व पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी कही भागने के लिए ट्रेन पकड़ने के फिराक में था।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी फरार

**बलिया।** जिले के बांसडीहरोड पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।युवती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि फेफना थाना क्षेत्र के कपुरी निवासी पप्पू राजभर ने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर छह सितम्बर को अपने साथ लेकर चला गया। बलिया शहर में एक जगह पर रखकर दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए बलिया रेलवे स्टेशन के पास लेजाकर छोड़ दिया। इसके बाद वह किसी प्रकार अपने घर पहुंची तथा मामले से परिजनों को अवगत कराया। इस सम्बंध में एसओ राजकपूर सिंह का कहना है कि युवती की तहरीर पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है।

### छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर

**गाजीपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने एवं विद्यालयों द्वारा रिसीव एवं अग्रसारण की वर्तमान स्थिति के परीक्षण में पाया गया कि कुल 105349 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र छात्र-छात्राओं द्वारा फाइनल सब्मिट किए जा चुके हैं। उधर विद्यालयों द्वारा मात्र 52346 आवेदन पत्र ही अब तक ऑनलाइन अग्रसारित किए गए हैं। साथ ही, 53003 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र विद्यालयों के लॉगिन पर अग्रसारण के लिए लम्बित है। जबकि विद्यालय स्तर से अग्रसारण की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित है। यदि ससमय आवेदन पत्रों का अग्रसारण विद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है, तो ऐसे में लंबित आवेदन पत्र वाले छात्र छात्रवृत्ति योजना से वंचित हो जाएंगें। अतः उक्त संबंध में जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि तत्काल बिना अन्तिम तिथि 15 नवंबर तक लंबित 53003 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को नियमानुसार परीक्षण करते हुए ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

### हैंडबाल व जूडो खिलाड़ियों का चयन 12 को

**गाजीपुर।** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में सब-जूनियर बालकों की हैंडबाल व सब जूनियर/बालिकाओं की जूडो का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल 12 नवंबर को सुबह 09.00 बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार में किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी उक्त खेलों में अपनी प्रविष्टि 12 नवंबर को सुबह 08.30 बजे तक कार्यालय में दे सकते हैं। साथ ही पात्रता पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा। हैंडबाल- सब जूनियर बालकों की आयु 01.01.2006 या इसके बाद की हो। जूडो-सबजूनियर बालक/बालिकाओं की जन्म वर्ष 2008, 2009, 2010 का होना चाहिए।

## राजकीय सम्मान के साथ पचरुखिया घाट पर सीआरपीएफ जवान को दी गई अंतिम विदाई

# जवान का शव आते ही माहौल हुआ गमगीन, आंखें हुई नम

**केटी न्यूज/बलिया**



अंतिम सलामी देते कंपनी के अधिकारी व अन्य

जिले के रेवती थाना क्षेत्र के नवकागांव गुरुवार को थम सा गया। जब स्थानीय गांव के निवासी सीआरपीएफ जवान संजीत कुमार सिंह का शव उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव के पहुंचते ही घर व आसपास कोहराम मच गया। पिता का शव देखते ही दोनों बेटे लिपट कर रोने लगे। वहीं, पत्नी माला सिंह भी गहरे सदमे के कारण बेसुध हो गईं। यह मार्मिक दृश्य हर किसी की आंखें नम हो गईं। स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चों व परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधाया। जिसके बाद अंतिम संस्कार की तैयारी की गई। जवान का अंतिम संस्कार सीआरपीएफ 122वीं बटालियन दिल्ली के कंपनी कमांडर अनुपम सिंह के नेतृत्व में गंगा नदी के पचरुखिया घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

बताया जाता है कि संजीत कुमार सिंह (40) पुत्र हरिद्वार सिंह दिल्ली के 122वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान इनकी तबीयत खराब हो गई। साथियों ने दिल्ली के एशियन अस्पताल फरीदाबाद में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसकी सूचना अधिकारियों ने संजीत के परिजनों को दी तो कोहराम मच गया।

संजीत की मौत की सूचना मिलते ही परिजन दिल्ली पहुंच गए। सीआरपीएफ जवान संजीत का शव अपने वाहन से लेकर गुरुवार को रेवती थाना क्षेत्र के नवकागांव में पहुंचे तो कोहराम मच गया। संजीत के बड़े पुत्र कृष्ण कांत सिंह ने जैसे ही अपने पिता को गंगा नदी के पचरुखिया घाट पर मुखाग्नि दी, वहां मौजूद हर शख्स की आंखों में सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि रवि सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, अनिल सिंह, बंटी सिंह, सूरज कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### संजीत के बड़े बेटे कृष्ण कांत ने दी मुखाग्नि

संजीत कुमार सिंह वर्ष 2002 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वर्ष 2003 में संजीत की शादी जयप्रकाश नगर निवासी रास बिहारी सिंह की पुत्री माला सिंह से हुई थी। संजीत कुमार के 2 पुत्र किशन कांत सिंह (15) व सूर्यकांत सिंह (9) है। संजीत के बड़े पुत्र कृष्ण कांत सिंह ने जैसे ही अपने पिता को गंगा नदी के पचरुखिया घाट पर मुखाग्नि दी। कोई अपने आंख के आंसू को नहीं रोक पाया। वही पति के मौत के बाद माला सिंह भी अपना सुध बुध खो चुकी है।